ऑन लाईन नं.GCMS2024/44

**न्यायालय : न्यायनिर्णयन अधिकारी एवं अति0 जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) श्रीगंगानगर**

**पीठासीन अधिकारी : वीरेन्द्र सिंह चौधरी, आर.ए.एस.**

**न्याय निर्णयन आवेदन सं0 26/2024**

श्री हंसराज गोदारा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, कार्यलय अभिहित अधिकारी, (खाद्य सुरक्षा) एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, श्रीगंगानगर।

बनाम

1. श्री दिनेश गर्ग पुत्र श्री सुरेश कुमार —विक्रेता—
   **मै0** राजा पनीर हाउस, अरोड़वंश मन्दिर मार्केट, नजदीक बीरबल चौक, श्रीगंगानगर।
2. श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री रघुनाथ राय —(मालिक)—
   **मै0** राजा पनीर हाउस, अरोड़वंश मन्दिर मार्केट, नजदीक बीरबल चौक, श्रीगंगानगर।

**अपराध अन्तर्गत खाद्य सुरक्षा**
**एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 26(2)(ii)/51**

**निर्णय** **दिनांकः 03.05.2024**

सक्षेंप में प्रकरण के तथ्य इस प्रकार हैं कि परिवादी श्री हंसराज गोदारा खाद्य सुरक्षा अधिकारी, का गजट नोटिफिकेशन दिनांक 02.12.2022 के गजट में भाग 1(ख) पर प्रकाशित हुआ है एवं परिवादी का पदस्थापन एवं कार्य क्षेत्र का आवंटन आयुक्त (खाद्य सुरक्षा) निदेशालय राज. जयपुर के आदेश कमांकः—एफएसएसए/2022/6235 दिनांक 22.12.2022 के अनुसार जिला श्रीगंगानगर किया गया एवं संसोधित आदेश कमांकः— आयुक्ता0/खासुऔनि/संस्था/2022/6360 दिनांक 26.12.2022 है।

आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिनांक 11.03.2023 को समय शाम 06.25 बजे मै. राजा पनीर हाउस, अरोड़वंश मन्दिर मार्केट, नजदीक बीरबल चौक, श्रीगंगानगर पर पहुंचे। मौके पर विक्रेता की हैसियत से मौजूद श्री दिनेश गर्ग पुत्र श्री सुरेश कुमार को अपना परिचय देकर दुकान पर रखे खाद्य पदार्थ **पनीर** के बारे में जानकारी चाही, इस पर विक्रेता ने संस्थान में रखे 04 किलोग्राम खाद्य पदार्थ **पनीर** को आमजन बेचान हेतु बताया। खाद्य पदार्थ पनीर में मिलावट का शक होने पर विक्रेता से नमूना जांच वास्ते खाद्य पदार्थ पनीर का नमुना विक्रेता को फार्म नम्बर 5 ए भरकर देते हुए वरवक्त मौके पर ही विक्रेता को फार्म नम्बर 5 ए भरकर दिया जिस पर विक्रेता व गवाहान के व खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने हस्ताक्षर किये।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा विक्रय हेतु उपलब्ध खाद्य पदार्थ पनीर 04 किलो में से 01 किलोग्राम को विक्रेता से खरीद किया तथा मौके पर ही विक्रेता को उक्त कयशुदा पनीर का नगद भुगतान 320 रुपए किया तथा केशमिमो बनवाया, जिस पर विक्रेता, गवाहान और खाद्य सुरक्षा अधिकारी के हस्ताक्षर हैं।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मौके पर फार्म नम्बर 5 ए की प्रतियां तैयार कर विक्रेता एवं मालिक तथा गवाहान को पढकर सुनाकर एवं समझकर हस्ताक्षर करने को कहा जिसे श्री दिनेश गर्ग पुत्र श्री सुरेश एवं गवाहान ने पढ़कर समझकर व सही मानकर हस्ताक्षर किये। स्वयं खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने भी हस्ताक्षर किये। फार्म से 5 ए की एक प्रति विक्रेता एवं खाद्यकारोबारी श्री दिनेश गर्ग पुत्र श्री सुरेश को देकर असल पर रसीद प्राप्त की।

आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने खरीदशुदा खाद्य पदार्थ पनीर को एकरूप करके चार सूखी साफ व खाली शीशियों में बराबर भागों में बांटकर पैक कर 4 नमूने तैयार कर व उस

पर लैबल तैयार कर चिपकाए और लेबलों पर डी.ओ. श्रीगंगानगर के **कोड व क्रमांक के–1690** दर्ज किया। प्रत्येक लेबल पर स्वयं ने हस्ताक्षर किये एवं खाद्य कारोबारकर्ता एवं विक्रेता तथा गवाहान के हस्ताक्षर कराये। चारों नमूना भागों को अलग–अलग खाकी कागज में लपेट कर प्रत्येक भाग पर डी.ओ. श्रीगंगानगर की हस्ताक्षरशुदा **पेपर स्लिप नं.के–1690** नियमानुसार चारों नमूना भागों पर नीचे से उपर तक गोलाई में गोंद से चिपकाकर प्रत्येक नमूना भाग को धागे से बांधकर नियमानुसार सील चपडी किया। प्रत्येक नमूना भाग पर खाद्यकारोबारकर्ता एवं विक्रेता के हस्ताक्षर नियमानुसार इस प्रकार करवाये कि पेपर स्लिप व रेपर दोनो पर आयें। चारों नमूना भागों के पेपर पर गवाहान के हस्ताक्षर करवाकर स्वयं खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने भी हस्ताक्षर कर सील बन्द चारों नमूना भागों को अपने जाप्ते में लिया।

मौके पर फर्द रिपोर्ट तैयार कर खाद्यकारोबारकर्ता एवं विक्रेता तथा गवाहान को पढकर, सुनाकर एवं समझकर हस्ताक्षर करने को कहा जिसे श्री दिनेश गर्ग पुत्र श्री सुरेश एवं गवाहान ने भी पढकर, समझकर व सही मानकर हस्ताक्षर किये। स्वयं खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने भी हस्ताक्षर किये।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने फार्म नं 06 की छः प्रतियां तैयार की और प्रत्येक पर वह नमूना सील लगाई जिससे नमूना सील मोहर किया। एक नमूना भाग मय फार्म सं. 06 की प्रति के आउटर कवर में सीलबन्द कर सील मोहर कर खाद्य विश्लेषक बीकानेर को जमा करवाकर रसीद प्राप्त की और दो फार्म सं. 06 की प्रति अलग से एक लिफाफे में बन्द कर चपडी से सील मोहर कर खाद्य विश्लेषक बीकानेर को जमा कराकर फार्म सं. 6 की पुस्त पर रसीद प्राप्त की एवं शेष दो सील बन्द नमूना भाग मय फार्म संख्या 6 की दो प्रतियों और चौथा भाग मय फार्म संख्या 6 की एक प्रति के आउटर कवर में सील बन्द कर डी.ओ. एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, श्रीगंगानगर को जमा करवाकर रसीद प्राप्त की।

रैफरेल फूड लेबोरेट्री, पूने द्वारा जारी जांच रिपोर्ट क्रमांक :– आरएफएल/पी/डीओ/268/23/336/2023 दिनांक 21.06.2023 को प्राप्त हुई, जिसके अनुसार खाद्य नमूना **K-1690 Sub-standard Food** होना पाया गया। इस पर अभिहीत अधिकारी कम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, श्रीगंगानगर ने प्रकरण में अभियुक्त **श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री रघुनाथ राय मै0** राजा पनीर हाउस, अरोड़वंश मन्दिर मार्केट, नजदीक बीरबल चौक, श्रीगंगानगर द्वारा अमानक स्तर का पनीर विक्रय किये जाने को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 26 की उप धारा (ii)/51 के अन्तर्गत न्याय निर्णयन आवेदन दिनांक 15.03.2024 को प्रस्तुत किया गया।

परिवाद पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया गया। अभियुक्त को तलब किया गया। अभियुक्त को परिवाद की प्रति उपलब्ध कराई गई।

अभियुक्त ने अपने जवाब में कथन किया है कि प्रार्थी मकान नं. 13 सत्संग विहार नीयर इन्द्रा कोलोनी, श्रीगंगानगर का रहने वाला है तथा प्रार्थी की फर्म मै. राजा पनीर हाउस दुकान अरोड़वंश मार्किट नीयर बीरबल चौक श्रीगंगानगर का विक्रेता है तथा प्रार्थी को आपके विभाग द्वारा एक नोटिस आपके पत्र क्रमांक 24/475 दिनांक 15.03.2024 का दिया है कि आपकी दुकान में पनीर की जांच की गई तो पनीर Substandard Food पाया गया है। प्रार्थी ने उक्त गाय पनीर में सुधार कर लिया है। भविष्य में प्रार्थी ऐसी गलनी दौबारा नहीं करेगा। प्रार्थी के साथ नरमी का रूख अपनाते हुए प्रार्थी के वाद का आज ही निस्तारण किया जावे। लिहाजा प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन है कि प्रार्थी लोक अदालत की भावना से प्रेरित होकर अपना जुर्म स्वीकार करता है। प्रार्थी के साथ नरमी का रूख अपनाते हुए प्रार्थी के वाद का आज ही निस्तारण किया जावे। आपकी अति कृपा होगी।

परिवाद पर दोनों पक्षों को सुना गया।

राज पैरोकार ने अपनी बहस में बताया कि अभियुक्त से लिया गया **पनीर** का सैम्पल **K-1690** जांच रिपोर्ट क्रमांकः– आरएफएल/पी/डीओ/268/23/336/2023 दिनांक 21.06.2023 अनुसार खाद्य नमूना **K-1690 Sub-standard Food** होना पाया गया है। अतः अभियुक्त के द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की धारा (2)(ii) का उल्लधन किया है जिसका जुर्माना खादय सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की धारा 51 में निर्धारित है।

अभियुक्त ने अपनी बहस में जवाब के कथनों को दोहराते हुए कथन किया कि प्रार्थी ने उक्त गाय पनीर में सुधार कर लिया है। भविष्य में प्रार्थी ऐसी गलनी दौबारा नहीं करेगा। प्रार्थी के साथ नरमी का रूख अपनाते हुए प्रार्थी के वाद का आज ही निस्तारण किया जावे। लिहाजा प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन है कि प्रार्थी लोक अदालत की भावना से प्रेरित होकर अपना जुर्म स्वीकार करता है। प्रार्थी के साथ नरमी का रूख अपनाते हुए प्रार्थी के वाद का आज ही निस्तारण किया जावे। आपकी अति कृपा होगी।

बहस पर मनन किया गया । पत्रावली का अवलोकन किया गया।

इस प्रकार अभियुक्त से लिया गया Sample of **"Paneer" bearing No. K-1690, does not conforms to the standards of paneer, as per regulation No.2.1.16 of the Food Safety and Standards(Food Products Standards and Food Additive) Regulations, 2011and further amendments, on the basis of tests perfomed. Hence found to be Ub-Standard as per section3(1)(zx) of food safety & Standards act 2006** उक्त जांच रिपोर्ट पर अविश्वास करने का कोई कारण नहीं है।

फलस्वरूप अभियुक्त **श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री रघुनाथ राय** एक्ट 2006 एवं नियम 2011 की धारा 26 की उप धारा (ii) के अन्तर्गत घटित अपराध का दोषी पाया जाता है। फलतः अभियुक्त **श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री रघुनाथ राय** को खादय सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की धारा 51 के अन्तर्गत राशि रूपये 25,000–00 (अखरे रूपये पच्चीस हजार मात्र) के आर्थिक दण्ड से दण्डित किया जाता है।

अभियुक्त को यह निर्देश दिये जाते है कि भविष्य में खाद्य पदार्थ में डालने के लिए उच्च गुणवत्ता के घटकों का इस्तेमाल करें, ताकि ऐसे खाद्य पदार्थों से उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। इन आदेशों की पालना सख्ती से की जावे। निर्णय की प्रति मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, श्रीगंगानगर को भेजी जावे।

निर्णय आज दिनांक 03.05.2024 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(वीरेन्द्र सिह चौधरी)<br>
न्याय निर्णायक अधिकारी एवं<br>
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट(प्रशा0)<br>
श्रीगंगानगर।